भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

08.02.2023 के

तारांकित प्रश्न सं. 99 का उत्तर

आंध्र प्रदेश में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

*99. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्यात आंध्र प्रदेश में तीन रेलवे स्टेशनों नामत: विजाग , तिरुपति और नेल्लोर को पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन रेलवे स्टेशनों के लिए कोई तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उपर्युक्त स्टेशनों के लिए अपेक्षित सांविधिक मंजूरी का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) ऐसी मंजूरी प्राप्त करने के लिए रेलवे द्वारा अब तक स्टेशन-वार क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

आंध्र प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 08.02.2023 को लोक सभा में श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू और श्री बालाशौरी वल्लनभनेनी द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 99 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ) : जी हां। आंध्र प्रदेश राज्य में विज़ाग (विशाखापटनम), तिरूपति और नेल्लोर रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है। इन परियोजनाओं हेतु तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन शुरू कर दिए गए हैं और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है।

उपर्युक्त परियोजनाओं को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड में निष्पादित करने हेतु योजना बनाई गई है। ठेकेदार द्वारा ईपीसी संविदाओं के तहत विस्तृत डिजाइन और कार्य -निष्पादन प्रणाली तैयार की जा रही है और योजना एवं डिजाइन के परिणामों के आधार पर यथोचित क्लीनयरेंस संबंधी कार्रवाई की जाती है , जो एक सतत प्रक्रिया है।

इन तीन स्टेशनों पर कार्य भली-भांति प्रगति पर है।

*****